# मगध विश्वविद्यालय, बोधगया
# Magadh University, Bodhgaya

सेवा में,

सभी प्रधानाचार्य महोदय
संबंधन/नव संबंधन प्राप्त महाविद्यालय,
मगध विश्वविद्यालय, बोधगया।

विषय:–स्नातक 4Year Under Choice Based Credit System (CBCS) सत्र–2023-27 के पंजीयन सह 1st Sem. परीक्षा प्रपत्र एवं शुल्क ऑनलाईन जमा करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक परीक्षा समिति की बैठक दिनांक:31/01/2024 एवं शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के पत्र पत्रांक संख्या:15/एम 1–50/2018 (अंश)–4690, दिनांक:19/12/2023 के आलोक में शैक्षणिक सत्र: 2023-27 के लिए संबंधन/नव संबंधन प्राप्त महाविद्यालयों के विधिवत रूप से नामांकित छात्रों के प्रथम सेमेस्टर की विशेष परीक्षा अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित की जाएगी। आपसे अनुरोध है कि आपके महाविद्यालय में विधिवत रूप से नामांकित छात्र–छात्राओं से संबंधित पृथक ब्यौरा जो Excel Sheet में जिसका प्रारूप Excel file में संलग्न है पृथक रूप से यह सुनिश्चित करते हुए उपलब्ध कराने की कृपा की जाय कि उपर्युक्त ब्यौरा राज्य सरकार द्वारा प्रदत दिशा–निदेश यथा आवंटित सीटों के अनुरूप किए गए नामांकन के पश्चात भरे गये/अग्रसारित किये गये है। उपर्युक्त माँगी गई सूचनायें अत्यावश्यक की श्रेणी में रखते हुए आवश्यक रूप से अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के विभागीय ई मेल (muexambodhgaya@gmail.com) पर दिनांक:19/03/2024 तक भेजना सुनिश्चित की जाय। आपके महाविद्यालय में विधिवत रूप से नामांकित छात्रो का पंजीयन सह परीक्षा–प्रपत्र एवं शुल्क ऑनलाइन माध्यम से दिनांक:21/03/2024 से 23/03/2024 तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

अतः उपर्युक्त आशय/निर्देश के आलोक में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से संपर्क कर उक्त परीक्षा प्रपत्र संबंधि कार्य संबंधित जानकारी प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे, साथ ही सभी संबंधित प्रधानाचार्य से अनुरोध है कि उपर्युक्त सूचना स्वंय के स्तर से अपने अधीनस्थ संबंधित छात्र–छात्राओं के बीच प्रसारित करना सुनिश्चित करेंगे। छात्रगण भी अपने महाविद्यालय से सम्पर्क कर पंजीयन व परीक्षा प्रपत्र भरना समय सीमा के भीतर सुनिश्चित करेंगे ऐसा न करने पर आप पूर्णरूपेण जिम्मेवार होंगे।

इसे अतिआवश्यक समझा जाय।

माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार
ह०/–
परीक्षा नियंत्रक
मगध विश्वविद्यालय, बोधगया।
दिनांक: 16/03/2024

Laldhari Memorial College, Gaya

ज्ञापांक: CEO/143/2024

प्रति सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित:

1. नोडल पदाधिकारी, विश्वविद्यालय को वेबसाईट पर प्रकाशन हेतु।
2. माननीय कुलपति/प्रतिकुलपति के निजी सचिव, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया।
3. संबंधित छात्र छात्राएँ एवं जन सामान्य।
4. सभी संबंधित व्यक्ति।

16/3/24
परीक्षा नियंत्रक
मगध विश्वविद्यालय, बोधगया।
16/03/24